समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# CUET UG 2025 का रिजल्ट 4 जुलाई को होगा जारी, यहां जाने चेक करने का आसान तरीका।

Publisher

Published on 04 Jul 2025




## NTA ने घोषित की CUET UG 2025 परीक्षा के नतीजों की तारीख, लाखों छात्रों का इंतजार होगा खत्म।

**CUET UG 2025 का रिजल्ट 4 जुलाई को होगा जारी, यहां जाने चेक करने का आसान तरीका।**

**CUET UG:** देशभर के लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। **राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)** ने **CUET UG 2025** परीक्षा के नतीजों की तारीख का ऐलान कर दिया है। एनटीए के मुताबिक, **4 जुलाई 2025** को **CUET UG** परीक्षा का परिणाम आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जारी किया जाएगा।

हालांकि, अभी तक रिजल्ट जारी होने के सटीक समय की जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन छात्रों को सलाह दी गई है कि वे **4 जुलाई** को सुबह से ही वेबसाइट पर नजर बनाए रखें। इस रिजल्ट के साथ स्कोरकार्ड भी जारी किया जाएगा, जिसमें छात्रों के विषयवार अंक और क्वालिफाइंग स्टेटस दर्ज होगा।

कैसे करें **CUET UG 2025** का रिजल्ट चेक ?

१. **सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट cuet.nta.nic.in पर जाएं।**
२. **होमपेज पर दिख रहे “CUET UG 2025 Result” लिंक पर क्लिक करे।**
३. **अपनी एप्लिकेशन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करे।**
४. **लॉगिन करते ही आपका स्कोरकार्ड स्क्रीन पर दिखाई देगा।**

५. **इसे डाउनलोड करे और भविष्य के लिए प्रिंट करके सुरक्षित रखे।**

### स्कोरकार्ड मे क्या जानकारी होगी ?

CUET UG 2025 के स्कोरकार्ड में निम्नलिखित जानकारी शामिल होगी:

१. **छात्र का नाम और रोल नंबर**
२. **श्रेणी और लिंग**
३. **विषय कोड और प्राप्त अंक**
४. **क्वालिफाइंग स्टेटस**
५. **एप्लाइड प्रोग्राम और अन्य विवरण**

यह स्कोरकार्ड **केंद्रीय विश्वविद्यालयों** और **अन्य संस्थानों** में दाखिले के लिए सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा।

### जून मे हुंई थी परीक्षा

CUET UG 2025 परीक्षा इस बार **13 मई से 4 जून 2025** के बीच देशभर के **388** शहरों और विदेशों के **24 केंद्रों** पर आयोजित की गई थी। परीक्षा **13 भाषाओं** और **23 डोमेन विषयों** में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में करीब **13 लाख** से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया था।

कुछ विषयों की दोबारा परीक्षा **2 से 4 जून** के बीच कराई गई थी ताकि किसी तकनीकी समस्या या अन्य कारणों से वंचित छात्रों को भी अवसर मिल सके।

### रिजल्ट के बाद क्या होगी प्रक्रिया ?

रिजल्ट जारी होने के बाद विभिन्न **विश्वविद्यालयों** में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। छात्र अपने स्कोर के आधार पर संबंधित **विश्वविद्यालय की काउंसलिंग प्रक्रिया** में भाग ले सकेंगे।
छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्कोरकार्ड को संभालकर रखें और जिन विश्वविद्यालयों में वे आवेदन करना चाहते हैं, उनकी वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट चेक करते रहें।

### NTA ने जारी की थी फाइनल आंसर की

1 **जुलाई 2025 को NTA ने CUET UG 2025** की फाइनल आंसर की जारी कर दी थी। इसके बाद से ही छात्र बेसब्री से रिजल्ट का इंतजार कर रहे थे।

CUET UG 2025 परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे लाखों छात्रों के लिए **4 जुलाई** का दिन बेहद अहम होगा। रिजल्ट जारी होने के साथ ही विश्वविद्यालयों में दाखिले की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ेगी। सभी छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे शांतिपूर्वक रिजल्ट का इंतजार करें और आगे की प्रक्रिया के लिए पूरी तैयारी रखें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.